समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# नोहर में भूमि विकास बैंक के नव निर्वाचित चेयरमैन राजेंद्र सिहाग का सम्मान, अभिभाषक संघ ने किया भव्य स्वागत।

Publisher  Published on 18 Jun 2025




## राजस्थान के नोहर में अभिभाषक संघ ने भूमि विकास बैंक के नव निर्वाचित चेयरमैन राजेंद्र सिहाग का भव्य अभिनंदन किया, किसानों और अधिवक्ताओं में खुशी की लहर।

सवांदाता, नोहर,

हनुमानगढ़,राजस्थान

**नोहर, हनुमानगढ़,राजस्थान :** नोहर अभिभाषक संघ की ओर से आज **भूमि विकास बैंक** के नव निर्वाचित चेयरमैन **श्री राजेंद्र सिहाग** का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक संघ के अध्यक्ष **देवी राम मायला** ने की। इस दौरान संघ के सभी **पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष, अधिवक्तागण** और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**पगड़ी, माला और प्रतीक देकर किया गया स्वागत**

समारोह में **श्री.सिहाग** को पारंपरिक **पगड़ी पहनाकर, माला पहनाकर** और **सम्मान प्रतीक** देकर स्वागत किया गया।
मंच **संचालन एडवोकेट ओमप्रकाश सुथार** ने कुशलता से किया।

**वक्ताओं ने क्या कहा ?**

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह **नोहर अभिभाषक संघ** के लिए **गौरव का क्षण** है कि उसके एक सक्रिय सदस्य को जिले

की इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

उनकी जीत केवल अधिवक्ताओं की नहीं बल्कि **किसानों, मजदूरों** और **मेहनतकश वर्ग** की भी जीत है।

**राजेद्रं सिहाग ने क्या कहा?**

सम्मान प्राप्त करते हुए चेयरमैन **श्री.राजेद्रं सिहाग** ने कहा: "मैं किसानों के हक में नीतिगत फैसले लाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। नोहर अभिभाषक संघ की गरिमा को हमेशा ऊंचा बनाए रखूंगा और आपके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।"

**नोहर के लिए गौरव का क्षण**

नोहर में **अधिवक्ता समाज** और **किसान वर्ग** में खुशी की लहर दौड़ गई है।
यह उपलब्धि दर्शाती है कि ग्रामीण क्षेत्र के बुद्धिजीवी और जनसेवक अब **नीति-निर्धारण** की मुख्यधारा में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.